## संक्षिप्त

### नकदी हडपने का मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के सवीना थाना पुलिस ने जमीन बेचने का झासा देकर पीडित से नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सीमा बोहरा पत्नी सुरेश कुमार निवासी काशीपुरी सेठ प्लाजा के पास सेक्टर 5 हिरणमगरी ने आरोपी सोहनलाल लौहार पुत्र उदयलाल लौहार निवासी शिवाजी नगर सविना के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि आरोपी से वर्ष 2020 में भूखण्ड खरीदने का 18 लाख में सौदा तय होने पर आरोपी ने एठीमेंट किया तथा मैने 6लाख रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पर रजिस्ट्री नहीं कराई तथा पूछताछ करने पर टालमटोल करना शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### निगम की दूसरे दिन भी कार्रवाई

**उदयपुर,(कासं)।** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार दूसरे दिन बडी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि मंगलवार को भी शहर के देहलीगेट, हाथी पोल , सुभाष चौराहा से रामपुरा चौराहा तक अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि देहलीगेट, हाथीपोल, सुभाष चौराहा से रामपुरा चौराहा तक अतिक्रमण के खिलाफ निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। मंगलवार को संपन्न हुई कार्यवाही में निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते 4 छोटे लोहे के केबिन, 2 ठेला गाडी व 15 डिसप्ले बोर्ड जब्त किए गए। इसी के साथ इसी क्षेत्र की 15 दुकानों के बाहर चौतरी व टीन शेड बनाकर किए अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया गया।

### तीन दिवसीय सहकार मेला 14 से

**उदयपुर,(कासं)।**अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय सहकार मेला आगामी 14 नवंबर से शहर के गांधी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को प्रतापनगर स्थित सहकार भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में सहकारी समितियों की अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजन चौबे ने मेले की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आयोजन की विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मेले में उदयपुर संभाग के सात जिलों की विभिन्न सहकारी समितियों सहित कुल 40 से अधिक स्टॉल्स लगाई जाएंगी। सहकारी समितियों के सदस्यों तथा राजीविका समूह की सखियों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों को प्रदर्शित और विक्रय हेतु उपलब्ध कराया।

## भाविप महिला सदस्यों ने संस्कृति सप्ताह मनाया

**राजसमन्द, (निसं)।** भारत विकास परिषद, राजसमंद शाखा की महिला सदस्यों द्वारा संस्कृति सप्ताह प्रकल्प के तहत पूरे सप्ताह के दौरान विविध आयोजन किये गए, परिषद् की महिला प्रमुख सुमन सामसुखा ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिषद् द्वारा संस्कृति सप्ताह का आयोजन किया गयाए जिसके अंतर्गत आमजन को राष्ट्र एवं मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों का भाव जगाने एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से आमजन को जोडने के उद्देश्य से पुरे सप्ताह प्रतिदिन विविध आयोजन किये गये।

संस्कृति सप्ताह प्रकल्प प्रमुख गीता व्यास ने बताया की प्रकल्प के शुभारम्भ के अवसर पर परिषद् की महिला सदस्यों ने आसोटिया स्थित द्वारकेश गौशाला में गौवंश को हरा चारा खिलाकर पुण्यलाभ लिया, इसके बाद सभी महिला सदस्यों ने आंगनवाडी केंद्र, आसोटिया पहुंचकर बालकों को ज्योमेट्री बॉक्स, फ ल, बिस्किट इत्यादि वितरित किये, इसी क्रम में संस्कृति सप्ताह के दौरान ही परिषद् की महिला सदस्यों ने मोही ग्राम स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत महिला एवं पुरुष वृद्धजनों से भेंट कर उनके साथ अनौपचारिक वार्तालाप, भजनों आदि के माध्यम से खुशनुमा माहौल में बेडशीट्स एवं आवश्यकतानुसार राशन सामग्री भेंट की।संस्कृति सप्ताह प्रकल्प सह प्रमुख चंदा देवपुरा ने बताया की संस्कृति सप्ताह के पांचवे दिन महावीर नगर स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में भगवान् भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन पार्टी एवं भगवान् लड्डू गोपाल के समक्ष छप्पन भोग का आयोजन किया गया जिसमें विविध समाजों की महिला प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सम्मान करते हुए भारतीय संस्कृति में सामाजिक समरसता का सन्देश देने का प्रयास किया गया।

# 'शांति व शिक्षा देश व समाज की प्रगति का मूल आधार'

- **हर सक्षम व्यक्ति को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का आव्हान**

**डूंगरपुर, (निसं)।** किसी भी देश, समाज या अपने क्षेत्र की प्रगति उस क्षेत्र में शिक्षा के आधार पर ही निर्धारित होगी। क्योंकि वर्तमान परिपेक्ष्य में जब तक शिक्षा नहीं है तब तक प्रगति के सारे रास्ते बंद रहते है। ऐसे में हमे हर संभव शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना होगा।

यह बात ऑल इण्डिया औलमा मसाईक बोर्ड के अध्यक्ष एवं अल अशरफ ट्रस्ट के अध्यक्ष सैय्यद मोहम्मद अशरफ ने घाटी स्थित जिंदा शाह मदार शाह के सालाना उर्स के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने से पूर्व एक भेंट में कही। उन्होंने कहां कि आज समाज में हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है, और उसके लिए हमारे सरकारों को भी चाहिए कि हर भारतीय को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए ऐसा शिक्षा तंत्र को विकसित करें जिससे कि आम आदमी की पहुंच हो सके। ताकि शिक्षा का तंत्र मजबुत हो सके। और यही देशवासियों व देश की तरक्की का मूल आधार है।

उन्होने कहा कि केवल सरकार के भरोसे रहकर हमें शिक्षा के क्षेत्र में नहीं रहना अपितु सभी का सामूहिक दायित्व है कि इस क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभाये। तभी हमारे उपर जो अशिक्षा का दाग लगा हुआ है उसको मिटा सकेगे। उन्होने भामाशाहों से आव्हान किया कि वे जिस तरह वह अन्य क्षेत्रों में दान देते है,उसी आधार पर हम एक बच्चे को शिक्षित करने का अगर जिम्मा उठा ले तो हमारे मूल्क से अशिक्षा का जो दाग हैं वह समूल नष्ट हो जायेंगा।

न्होंने कहा कि सुफी मत के अनुसार हर व्यक्ति का विकास हो, ताकि हम देश की संस्कृति में अपने आप को ढाल सके। उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के कार्यक्रमों में ओर अच्छी मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। क्योंकि जिस तरह की सुविधाए सरकार दे रही है वह हर व्यक्ति तक पूरी तरह पहुंच नहीं पा रही है। उन्होने धर्म गुरूओं से आव्हान किया कि वे जहां भी जाये अपने समाज के लोगो को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करें ताकि देश का प्रत्येक समाज यदि शिक्षा के क्षेत्र में आगे आ सकेगा। और उसके लिए हमें सरकार के साथ सांझा कार्यक्रम भी चलाने होंगे। ताकि हर कार्य को गति मिल सके। उन्होने इस अवसर पर दिल्ली में हुए कल के घटनाक्रम पर अफसोस जाहिर करते हुए कहां कि ऐसी हरकते करने वालों को कानून संमत सजा मिलनी चाहिए ताकि इस देश की शांति और प्रगति को रोकने वाली ताकतो को रोका जा सके।

उन्होने कहां कि हमारी सरकार की एजेन्सिया सक्षम है और वह हर दोषी को ढूंढ निकालेगे। सैय्यद मोहम्मद अशरफ घाटी में दो दिवसीय उर्स के तहत मंगलवार रात को मिलाद शरीफ में शिरकत करेंगे।

# अवैध जहरीले केमिकल की बिक्री नहीं थमने पर आक्रोश

**राजसमन्द, (निसं)।** बायो डीजल के नाम पर अन्य जहरीले केमिकल की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के राज्य सरकार के सख्त निर्देश एवं स्थानीय पेट्रोलियम डीलर्स की ओर से बार.बार अवगत कराने के बावजूद पर्यावरण व जन स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक उक्त तेल का कारोबार नहीं थमने से आक्रोशित जिले के वैध ईंधन व्यापारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल ठोस कदम उठाने की पुरजोर मांग की तथा कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आगामी 3० नवम्बर से अनिश्चितकालीन हडताल पर उतरने की चेतावनी दी।

राजसमन्द पेट्रोलियम डीलर्स वेलफेयर संस्थान अध्यक्ष कैलाश चौधरी के नेतृत्व में महासचिव हेमंत लड्ढा उपाध्यक्ष जम्बू जैन, विनिश सोनी, संगठन मंत्री परसराम बुनकर, अनिरूद्ध सिंह कारोई, वैभव श्रीमाली, शैलेन्द्र जोशी, अनिल पारीक, कायद भाई सहित जिले भर से आए पेट्रोलियम व्यवसायियों ने कलक्टर अरूण कुमार हसीजा को ज्ञापन सौंपा। व्यवसायियों ने रोष जताते हुए कहा कि कई माह पूर्व पूरे राज्य में बायो डीजल के सभी लाइसेंस की वैद्यता अवधि समाप्त होने एवं इन लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किए जाने के बाद भी वर्तमान में बायो डीजल के नाम पर अन्य विषैले केमिकल की बिक्री बेरोकटोक जारी है। इसके चलते वैध ईंधन व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है वहीं उन्हें अनावश्यक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड रहा है।

संस्थान अध्यक्ष कैलाश चौधरी व महासचिव हेमंत लड्ढा ने आरोप लगाते हुए बताया कि वैधानिक अनुमति के बगैरर गुपचुप तरीके से राजसमनद क्षेत्र में कुछ फैक्ट्रियों में उक्त जहरीले तेल का उत्पादन व भण्डारण हो रहा है जिससे इस अवैध कामकाज को लगातार बढावा मिल रहा है। साथ ही चेतावनी दी कि अवैध तेल की बिक्री पर पूरी तरह रोक नहीं लगने पर जिले के पेट्रोलियम डीलर्स आगामी 30 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हडताल करने के लिए विवश होंगे।

## 14 डंपर-ट्रेलर जब्त किए

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर जिले के गुजरात रतनपुर बॉर्डर पर माइनिंग विभाग की स्टेट विजिलेंस टीमों ने बडी कार्रवाई की है। टीमों ने अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी के संदेह में अलग.अलग खनिजों से भरे 14 डंपर और ट्रेलर जब्त किए हैं। यह कार्यवाही रविवार रात से मंगलवार दोपहर तक चली।

विजिलेंस की फ्लाइंग संख्या 3 लंबे समय से रतनपुर सीमा पर गुजरात ले जाए जाने वाले खनिजों की निगरानी कर रही थी। इस दौरान बडे पैमाने पर अवैध खनन से निकाले गए खनिजों की तस्करी, रॉयल्टी चोरी, ओवरलोडिंग और ई–वे बिल की आड में रॉयल्टी चोरी के मामले सामने आ रहे थे। जब्त किए गए वाहनों में क्वार्ट्ज, मार्बल, क्रेशर गिट्टी,फेल्सपार और मैंगनीज जैसे खनिज पाए गए हैं।

# पिछले 10 दिनों में जांच के लिये भेजे 22 खाद्य सैंपल

- **चिकित्सा विभाग की ओर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान का तीसरा चरण जारी**

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार विशेष वैवाहिक सीजन खाद्य नमुनीकरण अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पिछले दस दिनों में 22 सैंपल जांच के लिए लेब में भेजे है। शादियों में उपयोग में ली जाने वाली खाद्य सामग्रीयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि सैंपल में पनीर लूज, फीका मावा, काजू, शुगर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, देशी घी विभिन्न ब्रांड के, आटा के लडडू, तेल, दूध, स्वीट कॉर्न, दालें, नमक और साबूदाना खींचड़ी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि एफएसओ उम्मेदमल टेलर लगातार जांच की कार्यवाही कर रहे हैं। फरवरी तक इस अभियान के लिए प्रतिदिन औसत एक सैंपल का टारगेट दिया गया है।

तंबाकू पदार्थों को लेकर बने नियमों की पालना के लिए भी सख्त

चिकित्सा विभाग की ओर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान का तीसरा चरण जारी है जिसके तहत चिकित्सा विभाग की टीमें व्यापारियों से समझाइश कर रही है। चालान की कार्यवाही भी की जा रही है। जिसके तहत नियमों की पालना करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राहुल डिंडार ने बताया कि जिले में शिक्षा सहित अन्य विभागों के साथ मिलकर तंबाकु मुक्त युवा अभियान पर काम किया जा रहा है। शपथ कार्यक्रमों का आयोजन आरकेएसके और आरबीएसके की टीमों द्वारा किया जा रहा है। जल्द ही इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत संभागस्तरीय कार्यशाला उदयपुर में 20 नवंबर को रखी गई है।

## वाहन चोरी, मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना पुलिस ने चालक को चकमा देकर वाहन चोरी कर ले जाने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हमेरलाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी मोटावीड़ा गोगुन्दा ने पिंटू उर्फ बसंतसिंह निवासी उण्डीथल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 10 नवंबर को मैं अपनी पिकअप वाहन लेकर गांव लौट रहा था। इस दौरान मिले आरोपी को बैठा कर लेकर रवाना हुआ। जहां बीच रास्ते बाईपास पर लघुशंका करने गया तो आरोपी वाहन लेकर फरार हो गया। जिसकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा।

## सार-समाचार

### महिला सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना पुलिस एवं डीएसटी ने कार्यवाही करते हुए अवैध पिस्टल मय जिंदा कारतूस व एमडीएमए बरामद कर महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा,पुलिस उपाधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापरगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण, डीएसटी प्रभारी एएसआई विक्रम सिंह मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक कार को रोक उसमें सवार महिला व दो व्यक्ति से पूछताछ की तो एक ने दीपक पुत्र मुनालाल जोशी निवासी सेवाड़ी पाली, दूसरे ने सुरेन्द्र उर्फ सुरेश पुत्र जसाराम निवासी रडवा पाली तथा महिला ने अपना नाम आशा वैरागी पुत्री लक्ष्मीनारायण होना बताया। जिनकी तलाशी ली तो एक अवैध पिस्टल, चार जिंदा कारतूस व दो ग्राम एमडीएमए पाया गया। इस पर पुलिस ने पिस्टल मय मादक पदार्थ जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### महिला ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में महिला ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को धामदर हिरणमगरी निवासी गणेशी (35) पत्नी वैणीराम मीणा ने अपने मवेशी बांधने के बाड़े में फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर परिजनों ने उसे नीचे उतार चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर पीहर उमरड़ा से परिजनों को बुला उनकी मौजूदगी में एएसआई जीवनलाल ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### उपचार के दौरान तोड़ा दम

**उदयपुर, (कासं)।** ऋषभदेव थाना क्षेत्र में गत दिनों राह चलते कार की टक्कर से घायल वण्डेरी फला निवासी उदा पुत्र रूपासी मीणा की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। हेडकांस्टेबल गजेन्द्र ने मृतक का पोसटमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह गोगुंन्दा थाना क्षेत्र कुमावतों का गुड़ा इन्द्रा कॉलोनी निवासी चन्दाबाई (72) पत्नी किशनसिंह राजपूत को बीमारी की हालत में परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत होने पर हेडकांस्टेबल मो. सलीम ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### सांसद खेल महोत्सव में दिखाया दमखम

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सांसद खेल महोत्सव के तहत राउमावि सेरा नगला व मडकोला मकन में खेल प्रतियोगितओं में बडी संख्या में विद्यार्थियों व खिलाड़ियों ने भाग लेकर दमखम दिखाया। इस दौरान रस्साकसी, कबड्डी, नीम्बू चम्मच व 50 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री विनोद डामोर, सरपंच दिनेश पारगी, सोमी देवी, मंडल अध्यक्ष मनिष मसार, प्रकाश डामोर, खातुदास पारगी, लक्ष्मण कलासुआ, भुपेंद्र डोडियार, ईश्वर गरासिया आदि मौजूद रहे।

IFFCO किसान भाइयों से अपील
International Year of Cooperatives 2025
किसान भाइयों, इफको के उन्नत नैनो उत्पाद—नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, आदि—किसी दबाव या अनुचित टैगिंग के प्रभाव में न खरीदें। स्वेच्छा से खरीदें; दबाव डालने पर तुरंत इफको के क्षेत्रीय अधिकारी या जिला कृषि अधिकारी को शिकायत करें या फिर दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। आपकी सतर्कता हमारी साझा समृद्धि सुनिश्चित करती है। हम सूचित करते हैं की यदि कोई भी विक्रेता सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ टैगिंग करते हुए पाया गया तो इफको उसके साथ सभी प्रकार के व्यवसायिक संबंध समाप्त कर देगी और कड़ी कार्यवाही करेगी।
टोल फ्री न. : 1800 103 1967
मुख्य प्रबंधक जनसम्पर्क

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?




जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।
आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।
दीया फंड
आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण
1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।
आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए
आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।
दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
RISING RAJASTHAN
जयपुर की प्राइम लोकेशन जगतपुरा के रीको अपैरल पार्क में व्यवसायिक भूखंड की ई-नीलामी
भूखंड विवरण
भूखंड संख्या- SPL-5 • मेन 200 फीट महल रोड पर (कॉर्नर प्लॉट)
क्षेत्रफल 5780 वर्ग मीटर




ईएमडी
प्रारम्भ तिथि : 13 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 27 नवम्बर, 2025 (सायं 6 बजे)
ऑनलाइन बिड
प्रारम्भ तिथि : 28 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 02 दिसम्बर, 2025 (सायं 5 बजे)
आरक्षित मूल्य ₹2,15,000 प्रति वर्ग मीटर
आवेदन के लिए स्कैन करें
*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
विशेष शर्त: 20% बिल्ट-अप एरिया को GCC/IT/Co-working स्पेस के लिए 20 वर्ष तक किराए/लीज़ पर देना आवश्यक
राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005 • ई-नीलामी हैल्पलाइन - 0141 4593250, 4593237
वाट्सएप - 90013 06515 | riico.rajasthan.gov.in
राज.संवाद/सी/25/13573

## राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण पर निकाली रैली

**बांसवाड़ा, (निसं)।** एक तरफ फांसी के फंदे, दूसरी तरफ तोपे और ब्रिटिष हुकूमत की मनमानी ऐसे में हमारे पुरखों और देषभक्तों ने वंदे मातरम् गीत के आगे इन सभी को झुका दिया। उसी का परिणाम है कि आज हम आजादी की सांस ले पा रहे हैं। उक्त उद्गार पूर्व राज्यमंत्री धनसिंह रावत ने नगर परिशद् की ओर से वंदे मातरम् की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। रावत ने बताया कि जिस तरह से विवाह होता है तो हल्दी चढ़ाते हैं, नाचते-गाते हैं, चहूं ओर उत्साह होता है ठीक ऐसा ही उत्साह आजादी की जंग में था और तब लबो पर वंदे मातरम् गीत था और इसी गीत ने हमें आजादी दिलाई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता षिक्षाविद् प्रकाष पंड्या ने कहा कि भारत माता के लालों ने अंग्रेजों के तोप-तमंचे का जवाब वंदे मातरम् गीत से दिया। उन्होंने कहा कि साहित्य में जो प्रलय काल तक चलता है उसे कालजयी कहा जाता है ठीक ऐसा ही वंदे मातरम् गीत है जिसमें भारत माता, प्रकृति का पुजन और पुरखों की वो कल्पना है जिसमें दुर्गा षब्द को निरूपित किया गया है। यही दिव्यता के भाव आज घर-घर में दुर्गा होने का प्रमाण दे रहे हैं। उन्होंने आजादी की जंग में वंदे मातरम् गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी के भावों की भी अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर नगर परिशद् आयुक्त दुर्गेष रावल, पूर्व पार्शद युगल उपाध्याय, सीओ स्काउट दिपेष षर्मा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व षहीद स्मारक पर पुश्पांजलि अर्पित की गयी। नगर परिशद् की ओर से महात्मा गांधी चौराहे से प्रभात फेरी निकाली गयी जो जवाहर पुल, कलेक्ट्री चौराहा होते हुए उपाध्याय पार्क में पहुंची। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का आवाहन करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में भावी पीढ़ी को अपनी महत्ती भूमिका अदा करने की अपील की।